मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

# सीपीआरएस, जामिया ने विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के उपलक्ष्य में 'फ्री फिजियोथेरेपी कैंप' का किया आयोजन

नई दिल्ली, 8 सितंबर, 2025

सीपीआरएस ने 6 सितंबर, 2025 को होप प्रोजेक्ट चैरिटेबल ट्रस्ट-127, बस्ती हज़रत निज़ामुद्दीन, नई दिल्ली-110013 में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक एक 'फ्री फिजियोथेरेपी कैंप' का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य वंचित समुदाय को निःशुल्क प्रोफेशनल फिजियोथेरेपी परामर्श प्रदान करके स्वास्थ्य सेवाओं के गैप को कम करना था। संकाय सदस्यों और फिजियोथेरेपिस्ट की एक टीम ने पूरे कार्यक्रम के दौरान विभिन्न टाइम स्लॉट्स में भाग लिया।

एमपीटी और बीपीटी अंतिम वर्ष के छात्रों ने वोलियेंटर्स के रूप में कार्य किया। फिजियोथेरेपिस्ट और वोलियेंटर्स की एक टीम ने कैंप में विभिन्न मस्कुलोस्केलेटल और मोबिलिटी संबंधी समस्याओं के प्रबंधन और निवारण में मदद के लिए कई प्रकार के उपचार और परामर्श प्रदान किए।

वंचित लोगों की ज़रूरतों पर ध्यान केंद्रित करके, इस कैंप ने न केवल तत्काल राहत प्रदान की, बल्कि समग्र स्वास्थ्य बनाए रखने में फिजियोथेरेपी के महत्व के बारे में जागरूकता भी बढ़ाई। इस पहल ने फिजियोथेरेपी के महत्व पर प्रकाश डाला, बल्कि ज़रूरतमंदों की सहायता करने और सामुदायिक सेवा एवं स्वास्थ्य समानता की भावना के लिए सुदृढ प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की।

कुल 138 मरीज़ों ने फिजियोथेरेपी कैंप में भाग लिया और बिना किसी खर्च के अत्यंत आवश्यक देखभाल के अवसर का लाभ उठाया। इस प्रभावशाली उपस्थिति ने सुलभ फिजियोथेरेपी सेवाओं की उच्च माँग को रेखांकित किया और समुदाय पर कैंप के महत्वपूर्ण प्रभाव को उजागर किया।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी